वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 17 फरवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले 'सील' के राष्ट्रीय एकात्मता यात्री।

पूर्वोत्तर के युवाओं से महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने किया संवाद।

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' की राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के मतमुर जामोह समूह के प्रतिनिधियों ने दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की तथा राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के अनुभवों के बारे में उन्हें बताया।

ध्यातव्य हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' के राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों के 450 से अधिक छात्र 16 समूहों में देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा पर हैं। इनमें से आज मतमुर जामोह समूह ने राष्ट्रपति से मुलाकात की है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा भारत की 'विविधता में एकता' को सजीव रूप से सामने ला रही है, आज राष्ट्रपति जी ने पूर्वोत्तर के युवाओं को आशीर्वाद दिया तथा पूर्वोत्तर के विभिन्न विषयों के बारे में उनसे संवाद करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा में शामिल पूर्वोत्तर भारत के युवाओं को भारत की विविधता के विषय में निरंतर नए अनुभव प्राप्त हो रहे हैं।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)